SRI SATHYA SAI VIDYA VIHAR GAIL, VIJAIPUR

Circular for Narayan Sewa

Date: 06/04/2024

प्रिय पालक,

आप सबके सहयोग से एवं बच्चों की प्रतिभागिता से श्री सत्य साई विद्या विहार गेल अपने गोद लिए ग्राम कोलुआ पठार के लिए एक सुव्यवस्थित 32500 लीटर जल भराव क्षमता वाली आरसीसी ओवरहेड टैंक बनाकर समर्पित कर चुका है जो कि नगर पालिका के सहयोग से आज भी व्यवस्थित रूप से संचालित हो रही है |

गत वर्ष उसी ग्राम कोलुआ पठार में एक शेड का निर्माण कर श्री सत्य साई शिक्षा संस्कार एवं कौशल विकास केंद्र सफल रूप से संचालित हो रहा है जहां लगभग 20 महिलाएं सिलाई की शिक्षा प्राप्त कर रही हैं |

गत वर्ष 23 नवंबर से इस संस्कार केंद्र पर लगभग 100 से अधिक बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने का पावन कार्य आप सबके सहयोग से प्रारंभ हुआ था तथा वर्तमान में लगभग 90-90 मिनिट की दो कक्षाएं प्रतिदिन संचालित हो रही हैं, इसके लिए एक समर्पित शिक्षक की नियुक्ति भी कर दी गई है जो इन बच्चों को बड़ी ही तन्मयता के साथ शिक्षा दे रही हैं |

शिक्षा प्राप्त करने वाले लगभग 100 बच्चों को हम आपके सहयोग से यूनिफॉर्म, बैग, पेंसिल बॉक्स एवं स्टेशनरी आदि उपलब्ध करा सकते हैं |

इसलिए कक्षा 5 के पालकों से अनुरोध है कि वह अपने बालक/बालिका की प्रयोग में आ सकने वाले अच्छी स्थिति में उपलब्ध छोटी हो चुकी स्कूली यूनिफॉर्म (हाउस यूनिफॉर्म), बैग, पेंसिल बॉक्स आदि विद्यालय में अपनी कक्षा अध्यापिका के पास जमा कर दें तो हम इन छात्र-छात्राओं को यह सामग्री उपलब्ध करा पाएंगे |

रविवार 14 तारीख को हम यह नारायण सेवा करना चाहते हैं जिसके लिए आपका सहयोग अपेक्षित है |

प्राचार्य